डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 20 मई, शनिवार, 2023

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# कांग्रेस सरकार साढ़े छह करोड़ कर्नाटक वासियों की उम्मीदों को पूरा करेगी



## कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण से पहले सिद्धरमैया जी और डीके शिवकुमार जी से मुलाकात की

# नोटबंदी देश के लिये कोरोना जैसी आपदा थी, दो हजार का नोट बंद कर मोदी ने मानी गलती : डॉ0 संजय

पटना। कांग्रेस दर्पण

दो हजार के नोटों का प्रचलन बंद किये जाने के मोदी सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया जताते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने कहा कि 8 नवंबर 2016 के नोटबंदी के विनाशकारी तुगलकी फरमान के बाद इसने व्यवसायों और नौकरियों को बर्बाद कर दिया था। नोटबंदी को देश से काला धन खत्म करने के वादे के साथ लाया गया था लेकिन यह देश की अर्थव्यवस्था के लिये कोरोना जैसी आपदा साबित हुई थी। काला धन नहीं आया, बस ग़रीबी आई, इकॉनमी कैशलेस नहीं, कमजोर हुई. आतंकवाद नहीं, करोड़ों छोटे व्यापार और रोजगार खत्म हुए नोटबंदी से न तो कालाधन पर लगाम लगा और न ही नकली नोटों के प्रचलन पर। मोदी ने 2000 के



नोटों के खूब फायदे गिनाये थे पर आज जब 2000 के नोटों को वापस लेना पड़ रहा है तो यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार ने तब बड़ी गलती की थी। डॉ०संजय ने कहा कि सरकार को इस तरह के कदम के पीछे अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार अपने जन विरोधी और गरीब विरोधी एजेंडे को जारी रखे हुए है। सरकार ने जो 2016 में दावा किया था कि काला धन और भ्रष्टाचार खत्म होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। डॉ० संजय ने कहा कि राहुल गांधी के साथ साथ पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान शास्त्री मनमोहन सिंह ने भी नोटबंदी के गलत फैसले को लेकर सरकार को चेतावनी दी थी, पर लोकतंत्र विरोधी तानाशाही मोदी सरकार हमेशा उल्टे- सीधे फैसले लेकर देश की इकोनॉमी एवं आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर देती है



अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की ओर से चुनाव प्रचार प्रसार एवं प्रबंधन शिविर क्या तीन दिवसीय शिविर लगाया गया राजस्थान के अलवर जिला शाहजहांपुर में उसमें 20-20 का दस्ता बनाया गया उस दास्तां में प्रचार और प्रबंधन पर डिस्कस करते हुए

## आवश्यक सूचना

जमालपुर के माननीय विधायक डॉ अजय कुमार सिंह जी का क्षेत्रीय जन समस्या के समाधान हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में 20 से 22 मई 2023 तक।



# केंद्र की मोदी सरकार कर रही है देश की जनता को परेशान : विशाल कुमार यादव



पटना। कांग्रेस दर्पण

जिस तरह कल देर रात 2000 के नोट बंद करने का आनन-फानन में फैसला लिया गया है यह बिल्कुल जनविरोधी फैसला है देश अभी नोटबंदी की जख्म को भर ही रहा था की निरंकुश शासक ने देश की जनता पर एक और नोटबंदी थोप दी 2016 में जो नोटबंदी हुआ था जिसमें कई मासूमों ने अपनी जान गवाई, कितने बहनों की शादी टूट गई, कितने लोग हॉस्पिटल में दवा के बिना दम तोड़ दिए उन सभी लोगों से माफी मांगने की वजह मोदी जी पुनः नोटबंदी कर दिया भ्रष्टाचार रोकने के लिए का नोटबंदी किया गया था तो कर्नाटक में बीजेपी के विधायक के पास करोड़ों अरबों रुपया कैसे आए आप क्या भ्रष्टाचार रोकिएगा जिस पार्टी की नींव ही भ्रष्टाचार पर रखा गया हो कर्नाटक की जनता ने 40% भ्रष्टाचार की सरकार को बर्खास्त किया है इस बार 2024 में देश की जनता केंद्र के भ्रष्टाचार की सरकार को बर्खास्त करेगी

**विशाल कुमार यादव**
**युवा कांग्रेस बिहार**

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से भाजपा का गणित फैलः दीपक सैनी

पटना।कांग्रेस दर्पण

**शामली** । शामली ज़िला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को कांधला मे समीक्षा बैठक कर विचार मंथन किया गया है।गौरतलब हो कि

कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत से कांग्रेसी नेताओं के हौंसले बुलंद हैं।इसी क्रम में कांधला नगराध्यक्ष जाहिद यामीन के आवास पर कांग्रेस की बैठक मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि भाजपा का झूठ का पुलिंदा जगजाहिर हो गया है। कर्नाटक चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। जाति धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को देश की जनता ने मुहतोड़ जवाब दिया है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता गुटबाजी छोड़ कर अपने नेता राहुल गांधी जी प्रियंका गांधी जी के लिए मन से काम करें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी मे आस्था व्यक्त करते हुए नये लोगों का पार्टी में आना शुरू हो गया है। नगर निकाय चुनाव के नतीजों से निराश नहीं होना है।हिमाचल प्रदेश से चली हवा ने कर्नाटक में तूफान खड़ा कर दिया। नये लोगों के जुडने से पार्टी ओर ज्यादा मजबूत होगी।

कांग्रेस के यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा (सींगरा) ने कहा कि देश के जवानों की सहादत पर राजनैतिक रोटियां सेंकने वालों की दुकान दक्षिण की जनता ने बंद कर दी है। कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वालों को देश की जनता ने कर्नाटक के माध्यम से जवाब देने का काम किया है।मर्यादा पुरुषोत्तम राम मे सच्ची आस्था रखने वालों की मदद स्वयं बजरंगबली ने की है। हनुमानजी वहां पर विराजमान होते जहां शिया के साथ राम पूजे जाते हैं। भाजपा ने हमेशा भगवान राम के नाम पर राजनीति की है लेकिन उनके आदर्शों को भूल गई। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम सबके थे, उन्होंने जातियों में भेदभाव नहीं किया।उसी प्रकार हर जाति–धर्म का सम्मान कांग्रेस पार्टी हमेशा से करती आई है। कांग्रेस देश में अमन चाहती है।राम राज्य की स्थपना केवल कांग्रेस के शासन में ही हो सकती है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी, यूवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आचार्य अशवनी शर्मा (सींगरा), नगराध्यक्ष जाहिद यामीन,स्टेट मीडिया कोर्डिनेटर यश अत्रि, डॉ नफीस अब्बासी वरिष्ठ कांग्रेसी, कादिर जंग रामशरण सैनी, मनीष सेन, सुशील पांचाल, अनिल चौधरी, शाहरुख, आरिफ कांधला, सलीम, महावीर सैनी, ज़ावेद सुलेमानी, शाहिद, अब्दुला, शहजाद, रमीज,आदि मौजूद रहे।



# कर्नाटक सरकार के शपथग्रहण समारोह में देशभर के विपक्षी दलों के नेताओ के शामिल होने से आपसी एकजुटता को नई ऊर्जा मिलेगी

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू , पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह , प्रद्युमन दुबे , दामोदर गोस्वामी, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, रूपेश चौधरी, अशोक राम, उदय शंकर पालित, मो समद, असरफ इमाम, डा हमीद हुसैन, जमीर शहीदी, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, आदि ने कहा कि कल बैगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के शपथग्रहण समारोह में संपूर्ण राष्ट्र के कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता सहित सभी विपक्षी दलों के सुप्रीमो की उपस्थिति 2024 लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकता की मुहिम को नई धार मिलेगी।

नेताओ ने कहा की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में वहां की देवतुल्य जनता जिसने भ्रष्टाचार, घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस को प्रचंड बहुमत देकर देश को नई दिशा देने का काम किया है।

नेताओ ने कहा की आज संपूर्ण देश कर्नाटक की जनादेश की चर्चा, घर, घर, जन जन में चल रही है सभी विपक्षी दलों के सुप्रीमो द्वारा इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए 2024 लोकसभा का टेलर बता रहे है।

नेताओ ने कहा की कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चुनावी मैनिफेस्टो में ₹ पांच गारंटी ₹ गृह ज्योति , गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि एवम् शक्ति जैसे योजना से गरीब मध्यवर्गीय परिवार को कमरतोड़ मंहगाई से राहत देने वाली संजीवनी है, जिसे 2024 लोकसभा चुनाव में संपूर्ण देश में इसे लागू कराने की जरूरत है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू











# शिवकुमार को किया राजी, सीएम फाइनल, 72 घंटे में कांग्रेस ने कैसे तोड़ा कर्नाटक का

पटना। कांग्रेस दर्पण

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद अब मुख्यमंत्री के शपथ की भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं. सीएम के लिए कांग्रेस ने सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगाई है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम का पद सौंपा गया है लेकिन कांग्रेस के लिए ये चुनाव आसान नहीं रहा. सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कड़े मुकाबले ने कांग्रेस के लिए दुविधा की स्थिति पैदा कर दी थी. इसके लिए बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक 3 दिनों मैराथन बैठकों का दौर चला और आखिरकार इस गुत्थी को सुलझाने के लिए गांधी परिवार को भी मैदान में उतरना पड़ा.

## आइए देखते हैं 72 घंटे में क्या-क्या हुआ और आखिरकार कांग्रेस ने कैसे फैसला किया

### रविवार 14 मई

13 मई को चुनाव नतीजे घोषित हुए जिसमें कांग्रेस ने 135 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया. अगले दिन रविवार (14) मई की शाम को नेता चुनने के लिए कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक हुई. यहां पर एक लाइन का प्रस्ताव पारित कर विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दिया गया.

### सोमवार 15 मई (सुबह)

कांग्रेस की तरफ से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षकों ने अगले मुख्यमंत्री को लेकर विधायकों की राय जानी. इसके लिए विधायकों से गुप्त मतदान भी कराया गया. इस रिपोर्ट को लेकर तीनों पर्यवेक्षक सुबह करीब 10 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए और वहां कांग्रेस अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी. मल्लिकार्जुन खरगे ने रिपोर्ट को लेकर पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला से सोमवार देर रात चर्चा की.



### सोमवार दोपहर

खबर आई कि डीके शिवकुमार ने अपनी प्रस्तावित दिल्ली की यात्रा रद्द कर दी है. इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से दिल्ली में मुलाकात की और कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को दिल्ली आने का संदेश दिया. इस बीच सिद्धारमैया दिल्ली पहुंचे.

### मंगलवार दोपहर

सोमवार से लगातार कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर बैठकों का दौर जारी रहा. इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खरगे से मिले. इस बैठक में केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे. सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री के चयन में विधायकों के समर्थन की पार्टी की प्रथा का उल्लेख किया.

### मंगलवार शाम

16 मई की शाम को कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर बारी-बारी से डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया मिलने पहुंचे. हालांकि, कांग्रेस ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया और सीएम की दावेदारी पर चुप्पी साधे रखी. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष ने दोनों नेताओं से उनकी राय जानी. मंगलवार देर रात तक ये तय हो गया था कि सिद्धारमैया ही कर्नाटक के अगले सीएम होंगे लेकिन डीके शिवकुमार के चलते घोषणा अटकी हुई थी. पार्टी ने डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम पद ऑफर किया लेकिन वह इसे लेने को तैयार नहीं थे.

### बुधवार दोपहर

17 मई को सीएम पद के दोनों दावेदार सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार अलग-अलग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मिलने 10 जनपथ पहुंचे. यहां राहुल गांधी ने दोनों से कहा कि पार्टी अध्यक्ष का जो भी फैसला हो उसे मानने और पार्टी के हित में काम करने को कहा.

### बुधवार 2 बजे

डीके शिवकुमार को खरगे के आवास पर मिलने के लिए बुलाया गया. इसी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने डीके को फैसले के बारे में जानकारी दी कि सिद्धारमैया विधायक दल के नेता होंगे क्योंकि उनके पास सबसे ज्यादा विधायकों का समर्थन हासिल है. डीके ने फैसले को मानने से इनकार कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि राज्य में पार्टी की जीत में उनका कितना योगदान है.

### बुधवार शाम 7 बजे

डीके के अड़ जाने के चलते कांग्रेस सीएम के नाम का ऐलान नहीं कर पा रही थी. ऐसी स्थिति में खरगे ने यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी से बुधवार शाम से फोन पर बात की. इस फोन काल के बाद पार्टी नेतृत्व ने फैसला किया वह मुख्यमंत्री के लिए विधायकों की राय के साथ जाएगी, जो कि सिद्धारमैया के साथ थी.

### बुधवार शाम 8 बजे

खरगे ने वेणुगोपाल और सुरजेवाला के साथ बैठक की. इस बैठक में डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम की पोस्ट के साथ ही उनकी पसंद के मंत्रालय देने का ऑफर दिया गया.

### बुधवार देर रात

इसके बाद श्री वेणुगोपाल ने श्री सिद्धारमैया और श्री शिवकुमार से उनके घर पर अलग-अलग मुलाकात की और पार्टी अध्यक्ष के फैसले से अवगत कराया. उन्हें बताया कि डिप्टी सीएम का केवल एक पद ही रहेगा. अभी भी डीके शिवकुमार तैयार नहीं रहे थे. सूत्रों के मुताबिक, देर रात सोनिया गांधी ने डीके से बात की जिसके बाद डीके शिवकुमार मान गए. सहमति बनने के बाद सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को लेकर वेणुगोपाल और सुरजेवाला आधी रात को खरगे के घर पहुंचे और फैसले पर मुहर लग गई.

# किसान कांग्रेस सम्भल देश में मोदी सरकार के विरुद्ध जनांदोलन शुरू करेगी

पटना। कांग्रेस दर्पण

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल देश में मोदी सरकार के विरुद्ध जनांदोलन शुरू करेगी 22 मई 23 को यह फाइनल हो जाएगा कि इस आंदोलन की क्या रूपरेखा होगी।

लेकिन दोस्तो आज यह भी पहली बार देश के इतिहास में होगा कि किसी कार्यकर्ता नें राष्ट्रीय स्तर का आंदोलन शुरू किया और बह भी मोदी सरकार के विरुद्ध जबकी आज देश में एक भी राजनैतिक पार्टी में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो मोदी सरकार के विरुद्ध देश में आंदोलन शुरू कर सके

दोस्तो इससे भी बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के विरुद्ध किसान कांग्रेस सम्भल का यह आंदोलन उ.प्र. से शरूहो रहा है जहां योगी जी जैसे मुख्यमंत्री हैं।

दोस्तो हमनें जब यह आंदोलन शुरू करने की तैयारी की थी उस समय हमनें सोचा था कि हमारे इस कदम से राहुल गांधी जी, सोनिया जी, खुश हो जाएंगी और कांग्रेस में खुशी की लहर पैदा हो जाएगी।

लेकिन दोस्तो लगता है आज कांग्रेस की चिंता कांग्रेस को ही नहीं हैं और न ही देश और देश की जनता की चिंता है आज मोदी सरकार तो देश और देश की जनता को भूल ही चुकी है मोदी जी नें तो सोच लिया है कि चुनावों में बजरंगबली की जय बोल देंगे प्रभु श्री राम की जय बोल देंगे और इसी के आधार पर देश की जनता बोट दे देगी

बहीं विपक्षी लीडरों नें सोच लिया है कि भ्रस्टाचार, महंगाई, वेरोजगारी देश की आर्थिक स्थिति को मुद्दा बना कर बोट ले लेंगे

लेकिन यह नहीं बता सकते कि भ्रस्टाचार को कैसे समाप्त करेंगे महंगाई को किस प्रकार से कम करेंगे वेरोजगारी किस प्रकार से दूर करेंगे और देश की आर्थिक स्थिति को कैसे सुधारेंगे

दोस्तो इस बार किसान कांग्रेस सम्भल देश की जनता को पूर्ण रूप से संतुस्ट करेगा इसीलिए देश में यह आंदोलन शुरू होगा



दोस्तो हमें अब इस बात पर भी चिंतन करना पड़ेगा कि क्या कांग्रेस में राष्ट्रीय नेतृत्व और आम कार्यकर्ता में समानता है या नहीं

दोस्तो हमनें देखा था जब श्री राहुल गांधी जी नें कन्याकुमारी से कश्मीर तक कि पदयात्रा की थी तब उसमें पूरी कांग्रेस पार्टी लगी थी पार्टी नें दिल खोलकर रु. खर्च किये थे।

लेकिन दोस्तो जब एक आम कार्यकर्ता इस पदयात्रा से भी बड़ा कांग्रेस का आंदोलन शुरू कर रहा है तो कोई भी चर्चा नहीं कर्ता।

दोस्तो जैसा किसान कांग्रेस सम्भल नें लिखा है कि यह आंदोलन अवश्य ही शुरू होगा लेकिन हम यह भी जानकारी देते हैं इस आंदोलन से ही देश में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की केंद्र में सरकार बनेगी।

दोस्तो कांग्रेस के इस आंदोलन से देश की जनता जुड़ेगी।

दोस्तो हम अपने उन सभी साथियों से आग्रह करते हैं जिनके पास यह सन्देश पहुंचे इस सन्देश को ज्यादा से ज्यादा फैलाओं जिससे यह सन्देश देश की जनता तक पहुंचे

साथ ही दोस्तो हम आपसे कहते हैं हमारे प्रत्येक सन्देश को देश में ज्यादा से ज्यादा फैलाओं।

दोस्तो इस बार कांग्रेस का यह आंदोलन कोई लीडर नहीं आम जनता ही शुरू कर रही है

**धन्यवाद**

**आपका अपना विनोद साथी, जिलाध्यक्ष**

**किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.**

**8791674785 9720026990 ६**

**जय हिंद जय भारत जय कांग्रेस**

# बेगूसराय कार्यकर्ता चितरंजन गांधी जी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

बेगूसराय कांग्रेस भवन में नगर कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता चितरंजन गांधी जी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई ' कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता समर्पित कांग्रेसी मिंटू कुमार सोनी ने किया इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद. ब्रजेश कुमार प्रिंस ने चितरंजन गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज में बड़े लोगों एवं बड़े नेताओं का पुण्यतिथि और जयंती मनाई जाती है लेकिन आज कार्यकर्ता का पुण्यतिथि मनाने का यह पहला कार्य कांग्रेस भवन में किया गया है इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और वास्तव में इस सम्मान के हकदार कार्यकर्ता ही होते हैं ' इस प्रथम पुण्यतिथि कार्यक्रम में दिवंगत चितरंजन गांधी जी की पुत्री अनुराधा कुमारी अधिवक्ता.नगर निगम के पार्षद राजकुमार. देव कुमार देव. जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी. नगर कांग्रेस के अभिषेक कुमार. सेवादल के अशोक कुमार सिंह. राम पदारथ यादव अधिवक्ता. मोहम्मद कुद्दूस. बाल्मीकि महतो अधिवक्ता. डॉ जितेंद्र राय.गोपाल कुमार अधिवक्ता. नवल राय. पवन गांधी अधिवक्ता. कमल कुमार सरपंच. गोलू कुमार. सोनू कौशिक. सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे पुण्यतिथि के उपरांत लोगों ने एक–एक कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया '






जहानाबाद जिला कांग्रेस के नेता एवं सिविल कोर्ट के स्स्र राजेन्द्र प्रसाद की निधन सुनकर आज जिला कांग्रेस के नेता एवं प्रदेश डेलिगेट गोपाल शर्मा एवं राकेश शर्मा आज उनके घर ढ़ाब जाकर शोकाकुल परिवार से मिलर ढ़ाढस बढाया, उन्होने कहा की राजेन्द्र प्रशाद हमेशा बुरा बक्त मे भी पार्टी के साथ रहे इनको अचानक चले जाने से पार्टी को अपूरणीय छती हुयी है पुरा पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है



आज @IYC के राष्ट्रीय अध्यक्ष, हमारे अभिभावक आदरणीय @srinivasiyc जी से मिलकर उन्हें कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत के लिए बधाई देते हुए!

इस दौरान Ex MLA बड़े भाई @TunnaAmit जी @IYCBihar पूर्व अध्यक्ष @GunjanINC ji, प्रभारी @rajeshsinhaiyc जी , @SriKrishnahari1 जी मौजूद रहे !

करुण नंदन पासवान
प्रदेश उपाध्यक्ष,
बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस
जवाहर बाल मंच अध्यक्ष ,बिहार

# झूठ 02 'किसानों की आय दोगुनी करेंगे' की हकीकत

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से वादा किया था कि साल 2022 तक उनकी आय दोगुनी हो जाएगी। मगर आज इस वादे पर कहीं कोई चर्चा नहीं होती। क्योंकि, मोदी जी के 9 साल के कार्यकाल में किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन उनकी परेशानियां जरूर कई गुना बढ़ गई। यहां तक कि सरकार ने टरढ पर भी किसानों से वादाखिलाफी ही की। ये कितना शर्मनाक है कि भाजपा सरकार अपने एक भी वादे को पूरा नहीं कर पाई।

हाड़ कंपाती ठंड हो या 45 डिग्री की चिलचिलाती गर्मी, किसान खून–पसीना बहाता है, तब जाकर देश का पेट भरता है। लेकिन आज वही किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसके भीतर अथाह पीड़ा और गुस्सा है। सरकार और सिस्टम की मार से कराह रहा किसान अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है। भीषण महंगाई की चोट देकर मोदी सरकार ने किसानों के बेटे–बेटियों की अच्छी शिक्षा का सपना भी चकनाचूर कर दिया है।

प्रधानमंत्री जी के मित्र अडानी बैठे–बैठे रोज 1600 करोड़ रूपये कमा रहे हैं। जबकि तमाम मशक्कत के बाद किसानों को सिर्फ 27 रूपये ही मयस्सर हो पाते हैं। इस 27 रूपये में किसान अपना पेट भरे कि परिवार और बच्चों की देखभाल करे। इतनी दुर्दशा देश का पेट भरने वाले किसान की।




महंगी खाद, महंगा पानी, महंगा डीजल, महंगी जुताई में लाखों खर्च करने के बाद जब फसल पकती है तो पता चलता है कि सरकार द्वारा तय किए गए रेट के हिसाब से तो फसल की लागत भी नहीं निकल रही। परेशान किसान को कभी खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाना पड़ता है तो कभी खड़ी फसल को फूंकने पर मजबूर होना पड़ता है।

कृषि उपकरणों की खरीद पर सरकार छूट देने की बजाए उल्टा जमकर ॅरळ वसूलती है। उद्योगपतियों का लाखों करोड़ रूपये माफ करने वाली सरकार के पास किसानों को रियायत देने के लिए फंड नहीं है। कर्ज के बोझ तले दबे किसान जब सरकार को कर्ज नहीं लौटा पाते तो अत्याचार से तंग आकर अपनी जान दे देते हैं, उनका परिवार अनाथ हो जाता है। ये किसी भी देश के लिए दुर्भाग्य से कम नहीं है।

मोदी सरकार द्वारा लगातार खेती को बर्बाद करने की साज़िश की जा रही है। किसानों को परेशान किया जा रहा है। कृषि कानूनों को इस देश का किसान कैसे भूल सकता है, जिसके चक्कर में 700 से अधिक किसानों की जान चली गई थी। किसानों को भूमि अधिग्रहण बिल भी याद है और जमाखोरी की सीमा खत्म करना भी याद है। लखीमपुर में मंत्रीपुत्र द्वारा किसानों को रौंद देने की घटना को किसान कैसे भूल सकते हैं। जो सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, उसके मन में किसानों के खिलाफ नफरत भरी हुई है। ये सरकार अपने उद्योगपति मित्रों के साथ मिलकर किसानों को रौंदने की कोशिश कर रही है।

हालांकि तानाशाह, भ्रष्ट एवं महाढोंगी सरकार के वादे औऱ हकीकत में फर्क को देश के किसान समझ चुके हैं। अब इस देश का किसान मोदी जी के झांसे में नहीं आने वाला है।

## देखो दिल्ली में महिला फ्री यात्रा की सच्चाई

इसकी आड़ में DTC को 5080.61 करोड़ के घाटे में दिखाकर बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है ! 29/10/19 से शुरू इस योजना पर 358.26 करोड़ रुपए/वर्ष खर्च दिखाया गया है,जो कि उस समय उ्ळउ की कुल (378.61 करोड़ रुपए) आय का लगभग 80% था,अर्थात यात्रा करने वाले पुरुष यात्री सिर्फ 20%, यह कैसे हो सकता है ? जबकि वर्ष 2015 से 01/03/23 **(RTI - Reply)** तक **DTC** में कोई न्यू बस नहीं खरीदी गई और ना ही कोई न्यू भर्ती की गई और ना ही कोई अन्य विकास कार्य किया गया तो फिर इतनी बड़ी राशि कहां चली गई ?, और इस योजना के तहत महिलाओं को कितने सम्मान के साथ फ्री यात्रा कराई जा रही है उक्त विडियो से अंदाजा लगाया जा सकता है ,बस स्टैंड पर महिलाओं को देखकर खाली सीट होने पर भी बस नहीं रोकी जाती, इस संदर्भ में **RTI Department DPCC** द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर दिल्ली उपराज्यपाल द्वारा सतर्कता निदेशालय को जांच सौंपी गई है !

**रामनिवास शर्मा**

**चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी,RTI विभाग**

## देश में फिर नोटबंदी मोदी सरकार का विनाशकारी तुगलकी फरमान: कांग्रेस

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

08 नवंबर 2016 के विनाशकारी तुगलकी फरमान के बाद धूमधाम से पेश किए गए 2000 रुपए के नोट अब वापस लिए जा रहे है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, मौलाना आफताब आलम खान, मो समद, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, आदि ने कहा कि 2016 का भूत एक बार फिर देश को डरने आया है , विमुद्रीकरण एवम् बहुप्रचारित कदम देश के लिए एक बड़ी आपदा साबित हुई है । नेताओ ने मोदी सरकार से इस तरह के कदम के पीछे की अपनी मंशा स्पष्ट करने की मांग की है , सरकार अपनी जनविरोधी और गरीब विरोधी एजेंडा जारी रखे हुए है। नेताओ ने मोदी सरकार के इस विनाशकारी तुगलकी फरमान के लिए कल यानी 20 मई से चरणबद्ध आंदोलन कांग्रेस पार्टी चलाएगी।

**भवदीय**

**विजय कुमार मिठू**




## एक बार फिर सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जनता का ध्यान भटकाना चाह रही है

कालेधन को रोकने और आतंकवादी संगठनो की कमर तोड़ने के नाम पर भोली भाली जनता को बरगलाकर नोटबंदी के बाद जिस 2000 के नोट को प्रचलन में लाया गया आज वो नोट एक बार फिर बंद हो गया तो ऐसे में भारत की जनता का सवाल है सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से क्या काला धन वापिस आ गया है

क्या आतंकवादियों की कमर टूट गई है

या फिर एक बार फिर सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जनता का ध्यान भटकाना चाह रही है इस तरह के घोषणा करके

2016 में 2000 रुपये के नए नोट के लाभ गिनवाने वाले – आज 2023 में उसके नुक़सान बता रहे हैं –

दूसरी ओर वाले आज भी वही स्टैंड लिए हुए हैं – टस से मस नहीं हो रहे, नोटबंदी को महाघोटाला बता रहे हैं.

जिसे नोटबंदी की विफलता के 50 दिन बाद किसी चौराहे पर होना चाहिए था – वह उस समय भी और आज भी जापान के दौरे पर निकल लिया.



# #मिशन2024: आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी के कुशल नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल का चुनाव प्रशिक्षण शिविर अलवर राजस्थान में आज सफलतापूर्वक शुरु हुआ









Creation 7463096991





## अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल
## प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें-

**8252667278**

| क्रम सं. | तारीख | प्रमंडल | |
|---|---|---|---|
| 1 | 03 से 05 जून | पटना प्रमंडल | जिला- पटना, भोजपुर, कैमूर, बक्सर, रोहतास, नालंदा |
| 2 | 06 से 08 जून | मगध प्रमंडल | जिला- गया, अरवल, नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद |
| 3 | 09 से 11 जून | तिरहुत प्रमंडल | जिला- मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली |
| 4 | 12 से 14 जून | मुंगेर प्रमंडल | जिला- मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, खगड़िया, लखीसराय, बेगूसराय |
| 5 | 15 से 17 जून | भागलपुर प्रमंडल | जिला- भागलपुर, बांका |
| 6 | 18 से 20 जून | दरभंगा प्रमंडल | जिला- दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर |
| 7 | 21 से 23 जून | पूर्णिया प्रमंडल | जिला- पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार |
| 8 | 24 से 26 जून | कोसी प्रमंडल | जिला- सुपौल, मधेपुरा, सहरसा |
| 9 | 01 से 03 जुलाई | सारण प्रमंडल | जिला- सारण, सीवान, गोपालगंज |



## डॉ. संजय कुमार मुख्य संगठक
## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल
## सदाकत आश्रम पटना-10

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कारण कर्नाटक में मिली बड़ी जीत

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**

यह मोदी और अमित शाह की हार है, जिन्होंने क्रमशः 22 और 36 रोड शो किए। पूरे पार्टी नेतृत्व शामिल थे। दक्षिण भारत में इसके लिए कोई जगह नहीं है।₹भाजपा चुनावी उद्देश्यों के लिए धर्म का उपयोग करती है। उनके सांप्रदायिक एजेंडे को खारिज कर दिया गया है। भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को स्वीकार कर लिया गया है।₹संसद के सदस्य के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता एक गलत कदम था।गुलाम नबी आजाद जैसे नेता के सरकारी आवास में रहने के बावजूद एक सप्ताह के भीतर उन्हें बेदखल करना भाजपा और मोदी के अहंकार को दर्शाता है और कर्नाटक के मतदाताओं को यह पसंद नहीं आया।₹कर्नाटक में पार्टी की जीत, हिमाचल प्रदेश में जीत के बाद, राहुल गांधी की यात्रा शुरू करने के बाद से कांग्रेस के लिए दूसरी जीत है।

कर्नाटक की जनता ने भाजपा को ₹सबक सिखाया है, ₹यह मोदी और अमित शाह की हार है, जिन्होंने क्रमशः 22 और 36 रोड शो किए। पूरे पार्टी नेतृत्व शामिल थे। दक्षिण भारत में भाजपा को कोई जगह नही मिली। ध्यान भटकाने वालों को जनता ने



नकारा',कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जनता के असली मुद्दों पर लड़ा। इनमें महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार मुद्दों पर चुनाव लड़ा। जनता ने कांग्रेस पर विश्वास दिलाया और संयम रखकर पार्टी को वोट देकर विजयी बनाया। जबकि दूसरी तरफ भाजपा ने असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का काम किया।कर्नाटक के लोगों ने पूरे देश में यह संदेश दिया है कि ध्यान भटकाने वाली राजनीति अब नहीं चलेगी।

कांग्रेस के पूरे प्रचार भी यही रहा था कि जनता के मुद्दों पर बात करनी चाहिए महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनता विकास पर बात करना चाहती है। जनता ने हमें चुना है और अब हम जनता के लिए उनके मुद्दो पर ही काम करेंगे। जनता ने कांग्रेस पर विश्वास दिलाया और संयम रखकर पार्टी को वोट देकर विजयी बनाया। हिमाचल व कर्नाटक ने देश को यह संदेश दिया है कि अब ध्यान भटकाने वाली राजनीति नहीं चलेगी।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक में 91 विधानसभा क्षेत्र से होकर निकली थी। जिनमें से 75 फीसद स्थानों पर कांग्रेस की जीत हुई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की जीत के लिए काम किया। वह एक महीने तक वहीं पर रहे। पूरा प्रचार उन्हीं की अगुवाई में हुआ। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम के नतीजे से यह जीत हासिल हुई है।

कांग्रेस पार्टी ने कई गारंटियां व वादे जनता से किए है। कांग्रेस की यह जिम्मेदारी है कि इन वादों वारंटियों को पूरा करें। हमें पूरी निष्ठा से जनता को यह दिखाता है कि नई राजनीति जो उभर कर आई है जिसमें केवल विकास की बात होगी व जनता के मुद्दों पर बात होगी उस पर खरा उतरना है।




